# डिलीवरी प्रोग्राम (DELIVERY PROGRAM) 2018-2021

## मसौदा वर्ष तीन परिचालन योजना और बज़ट (2020/21)

CITY OF PARRAMATTA

## आप अपनी बात कैसे कह सकते हैं

आप मसौदा डिलीवरी प्रोग्राम, परिचालन योजना (ऑपरेशनल प्लान) और बज़ट 2020/21 के बारे में अपने सुझाव निम्नांकित विधियों से दे सकते हैं:

**ऑनलाइन** काउंसिल की वेबसाइट: **cityofparramatta.nsw.gov.au/dpop-2020** के माध्यम से अपनी ऑनलाइन प्रतिक्रिया प्रस्तुत करें।

**ईमेल** निम्नांकित ईमेल के माध्यम से प्रोजेक्ट टीम से संपर्क करें। कृपया 'सब्जेक्ट लाइन में – 'मसौदा डिलीवरी प्रोग्राम के बारे में फीडबैक' लिखें: **corporatestrategy@cityofparramatta.nsw.gov.au**

**सभी प्रस्तुतियां शुक्रवार, 26 जून 2020 को सुबह 9 बजे तक प्राप्त हो जानी चाहिए।**

आपके फीडबैक का उपयोग अंतिम परिचालन योजना (ऑपरेशनल प्लान) और बज़ट 2020/21 को सूचित करने के लिए किया जाएगा।

और अधिक जानकारी के लिए, या यदि आपको मौखिक प्रस्तुति, जैसे अन्य प्रारूप में सूचना चाहिए (तो, कृपया सोमवार से शुक्रवार, सुबह 8.30 बजे से सायं 5.00 बजे तक 1300 617 058 पर फ़ोन करें।

## सिटी ऑफ पैरामाटा काउंसिल

पता: 126 Church St, Parramatta
PO Box 32, Parramatta
NSW, 2124

फ़ोन नं: 1300 617 058

ईमेल:
council@cityofparramatta.nsw.gov.au
वेब: cityofparramatta.nsw.gov.au

लॉर्ड मेयर से संपर्क करने के लिए, इस लिंक पर जाएं: cityofparramatta.nsw.gov.au

**ARABIC**

إذا كنت بحاجة للمساعدة في ترجمة هذه النشرة، اتصل بـ TIS على الرقم 131 450 واطلب منهم الاتصال نيابة عنك بخدمة زبائن باراماتا على الرقم 9806 5050 من الإثنين إلى الجمعة بين الساعة 8:30 صباحاً و 5:00 مساءً.

**KOREAN**

본 소식지와 관련해 통역 지원이 필요하신 경우, TIS (131 450)에 전화하여 Parramatta Customer Service (9806 5050)를 연결해 달라고 요청하시면 됩니다. 업무시간은 월요일에서 금요일,오전 8시 30분부터 오후 5시까지입니다.

**CHINESE**

如果你需要翻译协助阅读这份新闻简报，请联系 TIS，电话131 450，要求他们代表你接通巴拉玛打市议会顾客服务处，电话 9806 5050。顾客服务处的工作时间是每星期一至星期五，上午8:30至下午5:00。

**HINDI**

यदि आपको यह सूचना-पत्र समझने में सहायता चाहिए तो कृपया TIS को 131 450 पर फ़ोन करें और उनसे कहें कि आपकी तरफ़ से पैरामाटा कस्टमर सर्विस को 9806 5050 पर फ़ोन करें। यह सेवा सोमवार से शुक्रवार, सुबह 8.30 बजे से शाम 5.00 तक उपलब्ध है।

For non-English speakers, phone interpretation services are available by TIS National on **131 450.**

# पैरामाटा का भविष्य सौंपना

## डिलीवरी प्रोग्राम 2018-2021 और परिचालन योजना 2020/21

### हम सबको पता है कि सिटी ऑफ़ पैरामाटा अब बदल रहा है।

काउंसिल का डिलीवरी प्रोग्राम एक तीन-वर्षीय नियोजन दस्तावेज़ है जो हमारी मुख्य गतिविधियों के वितरण के साथ-साथ सिटी को प्रभावित करने वाले जन परिवहन, स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास, क्षेत्रीय नियोजन और रोजगार के कुछ व्यापक एवं जटिल मुद्दों का समाधान करने में मदद करता है।

डिलीवरी प्रोग्राम सामुदायिक रणनीतिक योजना (CSP) 2018-2038 के लक्ष्यों को उन स्पष्ट एवं मापने योग्य पहलों में रूपांतरित करती है जिन्हें प्रदान करने के लिए काउंसिल प्रतिबद्ध है।

2018 में जब हमने डिलीवरी प्रोग्राम तैयार किया था तो हमने समुदाय से पूछा था: "अगले तीन वर्षों में काउंसिल को अपने कार्यकलापों में अपना ध्यान कहां केंद्रित करना चाहिए?"

डिलीवरी प्रोग्राम की दिशा आपके ही सुझावों से निर्धारित की गई है।

डिलीवरी प्रोग्राम में उन सभी प्रमुख कार्यकलापों की पहचान की गई है जिन्हें काउंसिल अपनी निर्वाचित अवधि में करने के लिए समर्पित है। उसमें ऐसे कार्यकलापों पर ध्यान केंद्रित किया गया है जिनके परिणामों पर कुछ हद तक काउंसिल का नियंत्रण है। काउंसिल किस प्रकार की भूमिका निभाएगी वह बनाई गई योजना पर निर्भर है। यह सेवा वितरण से लेकर साझेदार या पक्ष-समर्थक बनने के दायरे तक विस्तृत है।

डिलीवरी प्लान का एक घटक है एक वार्षिक परिचालन योजना जिसमें अगले वर्ष के लिए एक विस्तृत वार्षिक बज़ट, दरें, शुल्क और प्रभार शामिल हैं। काउंसिल प्रभावपूर्ण साझेदारियों का निर्माण करने, सशक्त नेतृत्व प्रदान करने और अपनी योजनाओं को पूरा करते हुए, स्थानों को नया रंग-रूप देने और खुशहाल जीवन जीने में सबको सहायता देकर अपनी केन्द्रीय भूमिका निभा रही है। हमारी योजनाओं का एक सामान्य लक्ष्य है: एक बेहतर पैरामाटा का निर्माण करना और अपने बढ़ते हुए समुदाय की जरूरतों को पूरा करना।

काउंसिल 'डिलीवरी प्रोग्राम' के तीसरे वर्ष की तैयारी कर रही है। इस सूचना-पुस्तिका में वर्ष 2020/21 के लिए काउंसिल के प्राथमिकता क्षेत्रों की रूपरेखा, COVID-19 के संदर्भ में हमारे प्रतिकार्य और आगामी वर्ष के लिए हमारे बज़ट का सारांश प्रस्तुत है।

और अधिक विवरण के लिए, कृपया काउंसिल की वेबसाइट पर पूर्ण मसौदा डिलीवरी प्रोग्राम और वर्ष 2020/21 की परिचालन योजना (Operational Plan) का अवलोकन करें: ***cityofparramatta.nsw.gov.au/dpop-2020***

## सामुदायिक कार्यनीतिक लक्ष्य

न्याय संगत | सुगम | हरा | स्वागत-करना | समृद्ध | नवकल्पनाशील/नवाचार

# COVID-19 के प्रभाव

हाल के महीनों में, कोविड-19 महामारी के कारण हम सबको अप्रत्याशित परिवर्तनों और चुनौतियों से गुजरना पड़ा है।

इन कठिन एवं अनिश्चितता से भरे समय में हम अपने समुदाय और स्टाफ को सहारा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। काउंसिल ने नौकरियों और व्यवसायों में सहायता देने, रेट भुगतानकर्ताओं की रक्षा करने, अत्यावश्यक वित्त-पोषित परियोजनाओं को आगे बढ़ाने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमारी सिटी की स्थिति फिर तेजी से बहाल हो सके, अप्रैल में $3 मिलियन के राहत एवं निवारण पैकेज़ की घोषणा की।

महामारी के परिणामस्वरूप, काउंसिल 2020/21 में $12.9 मिलियन के ऑपरेटिंग घाटे का बज़ट पेश कर रही है जो मुख्य रूप से कोविड-19 के कारण हुई राजस्व की हानि के कारण है। काउंसिल को आशा है कि 2021/22 में बज़ट पुनः सरप्लस की स्थिति में आ जाएगा, जो महामारी के प्रभाव और उसकी अवधि पर निर्भर है।

इन चुनौतियों के बावजूद, हमारी प्राथमिकताएं अपरिवर्तित हैं: यह सुनिश्चित करना कि हमारी सिटी की समृद्धि कायम रहे और हमारे विविधतापूर्ण एवं विकसित होते समुदाय को आवश्यक महत्वपूर्ण बुनियादी संरचनाएं उपलब्ध हों।

चूंकि कोविड-19 से उत्पन्न स्थिति में अभी भी तेजी से परिवर्तन हो रहा है, इसलिए काउंसिल वर्तमान स्थिति का करीब से जायज़ा ले रही है और उसी के अनुसार प्रतिक्रिया कर रही है।

इस प्रकार, इस मसौदे में नियोजित गतिविधियों और बजट को किसी भी COVID-19 प्रतिक्रियाओं और उनके प्रभावों को दर्शाने के लिए सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किए गए लोगों से अपडेट किया जा सकता है।

COVID-19 सम्बंधी काउंसिल की प्रतिक्रिया के बारे में अद्यतन जानकारी के लिए, इस लिंक पर जाएं: ***cityofparramatta.nsw.gov.au/covid-19***

# 2020/21 के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्र

### अगले 12 महीनों के लिए, काउंसिल का मुख्य लक्ष्य सिटी को COVID-19 से उबारने के लिए मार्गदर्शन देना तथा समुदाय, पर्यावरण एवं अर्थ-व्यवस्था के प्रसंग में जनसंख्या-वृद्धि के प्रभावों को नियंत्रित करना है।

**हमारी निम्नांकित प्राथमिकताएं बनी रहेंगी:**

- स्थानीय समुदाय को सहारा देने के लिए मुख्य सुविधाएं और बुनियादी संरचनाएं उपलब्ध कराना
- काउंसिल का वित्तीय स्थायित्व सुनिश्चित करना
- पैरामाटा CBD में योजना और विकास प्रबंधन
- वृक्षों और हरित क्षेत्रों की उपलब्धता
- स्थानीय शासन क्षेत्र के इर्द-गिर्द आवागमन को बेहतर बनाना – यातायात, पार्किंग और परिवहन
- समुदाय की ओर से पक्ष-समर्थन
- नवाचार एवं तकनीक
- अपशिष्ट प्रबंधन और पुनः चक्रण

**समुदाय के लिए मुख्य रणनीतिक परियोजनाओं को पूरा करने के लिए काउंसिल ने अगले वित्तीय वर्ष पूंजी निवेश के रूप में $212.4 मिलियन का बजट प्रावधान रखा है, जिनमें निम्नांकित शामिल हैं:**

- पैरामाटा स्क्वायर का विकास
- पैरामाटा पार्क में एक्वेटिक एवं लीज़र सेंटर
- 'डेंस पार्क मास्टरप्लान' के तहत 'एपिंग एक्वेटिक सेंटर' का पुनर्विकास
- फिलिप स्ट्रीट स्मार्ट स्ट्रीट – चरण 1
- पैरामाटा अर्बन एमेनिटी इंप्रूवमेंट प्रोग्राम (पैरामाटा नगरीय सुविधा सुधार कार्यक्रम)
- पैरामाटा नदी को पुनर्जीवित करने के लिए 'सिटी रिवर वर्क्स प्रोग्राम'

# बज़ट

मसौदा बजट में प्रोजेक्टों और सेवाओं के लिए काउंसिल की फंडिंग का ब्योरा दिया गया है, आर्थिक स्थिति का पूर्वानुमान बताया गया है और वर्ष के लिए दरों, शुल्कों और प्रभारों को प्रस्तावित किया गया है।

वर्ष 2020/21 में राजस्व में 10% की कमी के साथ, COVID-19 के फलस्वरूप काउंसिल को अपनी आर्थिक स्थिति पर जबर्दस्त दबाव देखना पड़ा है।

वर्तमान रूप से आकलित सकल राजस्व प्रभाव $28.8 मिलियन है।

दीर्घकालिक रूप से सतत आर्थिक स्थायित्व सुनिश्चित करने के लिए, काउंसिल ने कुछ कड़े निर्णय लिए हैं जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- पूरी काउंसिल में $14.5 मिलियन का प्रभावित डिवेडेंड
- $2.2 मिलियन लागत की बचत के साथ, COVID-19 के कारण सुविधाओं को अस्थायी रूप से बंद करना और कार्यक्रमों में कमी लाना
- पूंजीगत खर्चों को $10 मिलियन तक कम करना
- काउंसिल के संस्कृति कोष से 2020/21 में मुख्य सांस्कृतिक सेवाओं के लिए $4 मिलियन का उपयोग, जिनमें आर्टिस्ट स्टूडियोज़, रिवरसाइड थियेटर्स और कार्यक्रम शामिल हैं।

बजट के बारे में और अधिक विवरण मसौदा दस्तावेज़ के भाग 3 में यहां उपलब्ध हैं: ***cityofparramatta.nsw.gov.au/dpop-2020***

## काउंसिल द्वारा व्यय किए जाने वाले प्रत्येक $100 के लिए:

| राशि | मद |
|---|---|
| $24 | पार्क्स, मनोरंजन और संस्कृति |
| $21 | बड़े कार्य एवं निर्माण |
| $10 | इंजीनियरिंग और यातायात |
| $10 | प्रशासन एवं वित्तीय प्रबंधन |
| $9 | सड़कों, फुटपाथों और नालियों का रखरखाव |
| $8 | योजना एवं विकास |
| $7 | अपशिष्ट प्रबंधन |
| $5 | पुस्तकालय एवं सामुदायिक सेवाएं |
| $3 | पर्यावरणीय स्थायित्व |
| $3 | व्यापार एवं फ्लीट प्रबंधन |

*पूर्ण विवरण एवं विस्तृत व्याख्या DPOP भाग 3: बज़ट 2020/21 – 2020/22 तथा DPOP भाग 4: शुल्क एवं प्रभार 2020/21 में दी गई हैं*